राजस्थान सरकार
# आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
E-mail: jdacad1960@gmail.com Ph. 0141-2706550

International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

क्रमांकः एफ.7(4) प्रवेश नीति/अकाद/आकाशि/2025-19470-6757218/पार्ट-1/7346364

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः— स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध / सेमेस्टर—प्रथम) श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए प्रवेश कार्यक्रम बाबत्।
संदर्भः— विभाग का समसंख्यक आदेश क्रमांक / राजकाज नं. 17902580 दिनांक 20.09.2025

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध / सेमेस्टर—प्रथम) के लिए प्रवेश कार्यक्रम की तिथियॉ निम्नानुसार रहेगी —

**श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाईन प्रवेश कार्यक्रम (सत्र 2025—26)**

| क.सं. | विवरण | वार व तिथि |
|---|---|---|
| 1 | श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि | 01.10.2025 (बुधवार) |
| 2 | श्रेणीवार रिक्त स्थानों के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की अन्तिम तिथि | 07.10.2025 (मंगलवार) |
| 3 | प्राप्त आवेदन पत्रों के ऑनलाईन सत्यापन की अन्तिम तिथि | 09.10.2025 (गुरूवार) |
| 4 | (अ) रिक्त स्थानों के लिए प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन<br>(ब) मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं ई—मित्र पोस्टिंग की अन्तिम तिथि<br>(स) अभ्यर्थियों द्वारा ई—मित्र पर शुल्क जमा कराने की अन्तिम तिथि | 10.10.2025 (शुक्रवार)<br>15.10.2025 (बुधवार)<br>15.10.2025 (बुधवार) |
| 5 | प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन | 17.10.2025 (शुक्रवार) |
| 6 | नव प्रवेशित विद्यार्थियों का वर्ग निर्धारण | 17.10.2025 (शुक्रवार) |

उक्त प्रवेश कार्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात यदि सीट रिक्त रहे तो Defaulters को प्रवेश दिनांक 27.10.2025 से 31.10.2025 तक दिया जाना है।

उक्त प्रवेश कार्यक्रम पूर्ण होने के पश्चात् भी महाविद्यालय के किसी पाठ्यक्रम में स्थान रिक्त रहते है तो महाविद्यालय Common Admission Form (CAF) के माध्यम से दिनांक 01.11.2025 से 06.11.2025 तक ऑफलाईन प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर प्रवेशित विद्यार्थियों का डाटा दिनांक 08.11.2025 तक ऑनलाईन एडमिशन पार्टल पर इन्द्राज करवाया जाना सुनिश्चित करें।

यह भी निर्देशित किया जाता है कि प्रवेश प्रक्रिया में हुये विलम्ब के कारण शिक्षण कार्य में आये व्यवधान से कार्य दिवसों की क्षतिपूर्ति के लिए प्राचार्य अपने स्तर पर अतिरिक्त कक्षाऐं लगवाकर अकादमिक सत्र में शैक्षणिक कार्य दिवस पूर्ण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त के संबंध में समाचार पत्र / इलेक्ट्रोनिक मीडिया / दूरभाष / सोशल मीडिया यथा वाट्सएप आदि के माध्यम से प्रचार—प्रसार किया जाना सुनिश्चित करें।

यह सक्षम स्तर से अनुमोदित है।

(प्रो. विजय सिंह जाट)
संयुक्त निदेशक, (अकादमिक)

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है —

1. विशिष्ट सहायक, माननीय उप—मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, शासन सचिवालय, जयपुर।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. वरिष्ठ निजी सचिव, अतिरिक्त आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. तकनीकी निदेशक, सूचना एवं प्रौद्योगिक विभाग, जयपुर को भेजकर लेख है कि वे समस्त ऑनलाईन प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धित कार्यवाही एवं ई—मित्र पर फीस जमा करवाने की सुविधा प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।
6. नोडल अधिकारी (ऑनलाईन प्रवेश), आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर को भेजकर लेख है कि ऑनलाईन प्रवेश संबंधित कार्य किया जाना सुनिश्चित करें।
7. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर को अपलोड करने हेतु।

संयुक्त निदेशक, (अकादमिक)

Signature valid
Digitally signed by Vijay Singh Jat
Designation : Joint Director
Date: 2025.10.01 1?:07:14 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 18051736
eSign 1.0